# अध्याय – 15 | शब्द रूपाणि

## QUIZ-01

1. 'वारि' शब्दस्य षष्ठी विभक्तेः बहुवचनरूपं किम् ?

A. वारीणाम् B. वारेः
C. वारस्य D. वाराणाम् (A)

*व्याख्या :* वारि शब्द इकरांत नपुंसकलिंग शब्द है इसकी षष्ठी विभक्ति बहुवचन में वारीणाम् रुप बनता है।

2. पिता ....... आशीर्वादं यच्छति |

A. पुत्रान् B. पुत्रेभ्यः
C. पुत्राः D. पुत्रं (B)

*व्याख्या :* दा , यच्छ धातुओं के साथ जिसे दिया जाता है उस शब्द में चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है । यहां पिता पुत्रों के लिए आशीर्वाद दे रहा है अतः पुत्र शब्द में चतुर्थी विभक्ति बहुवचन का प्रयोग होगा। पुत्र शब्द अकारांत पुल्लिंग है अतः चतुर्थी विभक्ति बहुवचन में पुत्रेभ्यः शब्द बनेगा।

3. या श्रमेण पठति .......एव साफल्यं लभते |

A. तौ B. ते
C. सः D. तत् (C)

*व्याख्या :* जो श्रम से पढ़ता है वह ही सफलता प्राप्त करता है । यहां पठति और लभते दोनों धातुएं प्रथम पुरुष एकवचन की है अतः कर्ता भी प्रथम पुरुष एकवचन का ही होगा। पुल्लिंग में प्रथम पुरुष एकवचन में सः शब्द प्रयुक्त होगा।

4. ............पुत्रः नवम्यां कक्षायां पठति |

A. रमाम् B. रमायाः
C. रमायै D. रमायाम् (B)

*व्याख्या :* रमा का पुत्र नवीं कक्षा में पढ़ता है। इस अर्थ में रमा शब्द में षष्ठी विभक्ति एकवचन का प्रयोग होगा। रमा शब्द अकारांत स्त्रीलिंग शब्द है और षष्ठी विभक्ति में रमायाः रूप बनेगा।

5. .........बहिः रक्षकः तिष्ठति।

A. गृहम् B. गृहात्
C. गृहस्य D. गृहे (C)

*व्याख्या :* बहिः का अर्थ बाहर इस शब्द के साथ षष्ठी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। यहां घर के बाहर रक्षक बैठा है इस अर्थ में गृह शब्द में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होगा। यह शब्द अकारांत नपुंसकलिंग होने के कारण षष्ठी विभक्ति में गृहस्य बनेगा।

6. सीता .........सह वनम् अगच्छत् ।

A. रामं B. रामस्य
C. रामः D. रामेण (D)

*व्याख्या :* सह' अर्थात् 'के साथ' शब्द से जिसके साथ जाया जाता है उसमें तृतीया विभक्ति का प्रयोग होता है।यहां सीता राम के साथ वन जाती है अतः राम शब्द में तृतीया विभक्ति का प्रयोग होगा। राम शब्द अकारांत पुल्लिंग है अतः तृतीया विभक्ति रामेण शब्द उचित होगा।

7. ............उभयतः वृक्षाः सन्ति ।

A. विद्यालयात् B. विद्यालयम्
C. विद्यालेन D. विद्यालयस्य (B)

*व्याख्या :* उभयतः,परितः,समया,निकषा आदि शब्दों के साथ द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है।यहां उभयतः का अर्थ है दोनों ओर। विद्यालय के दोनों और पेड़ हैं इस अर्थ से यहां विद्यालय शब्द द्वितीया विभक्ति एकवचन में प्रयुक्त हुआ।

8. ...........गीतानि गायन्ति |

A. छात्राः B. छात्रा
C. छात्र D. छात्राभिः (A)

*व्याख्या :* यहां क्रिया गायन्ति प्रथम पुरुष बहुवचन की क्रिया है इसी कारण कर्ता भी प्रथमा विभक्ति बहुवचन में प्रयुक्त होगा। छात्र शब्द अकारांत पुल्लिंग होने के कारण प्रथमा विभक्ति बहुवचन में छात्राः रूप बनेगा।

9. इदं गृहं मम ...........अस्ति।

A. मातुलः B. मातुलेन
C. मातुलस्य D. मातुले (C)

*व्याख्या :* 'यह घर मेरे मामा का है' इस वाक्य में मेरा शब्द विशेषण है तथा मामा विशेष्य। मेरा शब्द की संस्कृत मम होती है और यह षष्ठी विभक्ति एकवचन में बनता है। इसी कारण से मातुल शब्द में भी षष्ठी विभक्ति एकवचन का प्रयोग होकर मातुलस्य शब्द आएगा।

10. गङ्गा ......... अस्माकं देशस्य पवित्रतमा अस्ति।

A. नदीम् B. नद्या
C. नद्याः D. नदी (D)

*व्याख्या :* यहां गंगा शब्द में प्रथमा विभक्ति एकवचन का प्रयोग है अतः नदी शब्द भी प्रथमा विभक्ति एकवचन में ही प्रयुक्त होगा। क्योंकि गंगा एक नदी का नाम है और जिस विभक्ति वचन में गंगा शब्द है उसी विभक्ति वचन में नदी शब्द भी आएगा।

मिशन ज्ञान
जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App